Title : Need to increase the percentage of reservation provided to Banjara and other nomadic tribes for their socio-economic and education lupliftment.

(vii)Need to increase the percentage of reservation provided to Banjara and other nomadic tribes for their socio-economic and educational upliftment

श्री हरिभाऊ राठौड़ (यवतमाल) : उपाध्यक्ष महोदय, बंजारा समाज एवं अन्य विमुक्त एवं घुमन्तु जातियों को महाराष्ट्र सरकार द्वारा 3 प्रतिशत का आरक्षण दिया जा रहा है जिससे इनके जीवन में सुधार आया है परन्तु उक्त आरक्षण से भारत सरकार की योजना एवं देश स्तर तक की सेवाओं का उन्हें मौका नहीं मिला है। इसलिए आज महाराष्ट्र में बंजारा समाज एवं अन्य विमुक्त घुमन्तु एवं अति पिछड़े समाज को उनके सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक एवं राजनैतिक विकास और उत्थान के लिए भारत सरकार विशेष योजना के तहत प्लानिंग करके जीवन स्तर में सुधार ला सकती है, जिस में इन्हें अलग से आरक्षण की आवश्यकता पड़ेगी। इसके लिए सरकार को चाहिए कि ऐसी कमजोर तबके की जातियों के जीवन स्तर में सुधार हेतु तीसरी आरक्षण अनुसूची बनाई जाए जिससे उनके सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक और राजनैतिक स्तर को ऊपर उठाया जा सके। अतः मैं आपके माध्यम से सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री महोदय से आग्रह करना चाहता हूं कि वह इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने का कष्ट करें।

Shri Pankaj Choudhary -- not present.